OFFICE, PRINCIPAL GOVERNMENT TULSI COLLEGE, ANUPPUR

Affiliated to Awadhesh Pratap Singh University Rewa (MP)

Registered Under Section 2 (F) & 12 (B) of UGC Act

E-mail: hegtdcano@mp.gov.in ☎ 9893076404

शासकीय तुलसी महाविद्यालय,अनूपपुर(म.प्र.)

अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित

"सूचना और संचार प्रौद्योगिकी: समुन्नत छात्र अधिगम के लिए प्रौद्योगिकी का प्रभावी उपयोग"

"ICT: Effective Use of Technology for Improved Student Learning"

विषय पर

प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम

प्रतिवेदन

सूचना और संचार प्रौद्योगिकी: समुन्नत छात्र अधिगम के लिए प्रौद्योगिकी का प्रभावी उपयोग विषय पर अर्थशास्त्र विभाग के द्वारा दिनाँक **7** जुलाई से **12** जुलाई **2022** तक एक सप्ताह का हैंड्स-ऑन प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम आरम्भ किया गया है।

प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.विक्रम सिंह बघेल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में नवोन्मेषी प्रणाली को अपनाने में अर्थशास्त्र विभाग का प्रयास सराहनीय रहा है और अब ऐसा समय आ गया है जबकि ऐसे पाठ्यक्रमों को हम और अधिक संख्या में आयोजित करें। गुणवत्ता,अधिगम एवं परिणाम के दृष्टि से आजकल प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम बहुत लोकप्रिय हो रहे है। इस मौके पर महाविद्यालय के हिंदी विषय के सह-प्राध्यापक डॉ. प्रभाकर सिंह साल्वे ने प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम के प्रति अपना हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि सूचना और संचार प्रौद्योगिकी वर्तमान समय की आवश्यकता है,इसके बिना हम आगे नहीं जा सकते है।

इस मौके पर कोर्स के समन्वयक डॉ. अमित भूषण ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि **ICT** का शिक्षा के क्षेत्र में अनुप्रयोगों को प्रदर्शित करके विद्यार्थियों के अधिगम को बेहतर किया जा सकता है। पाठ्यक्रम की सह-समन्वयक प्रीति वैश्य ने पाठ्यक्रम का परिचय प्रस्तुत की।

पाठ्यक्रम के उद्देश्य-

1.शिक्षा के क्षेत्र में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के समुन्नत एवं प्रभावी उपयोग को रेखांकित करना एवं समझ विकसित करना।

2.गूगल एकाउंट का निर्माण और उस एकाउंट के साथ उपलब्ध कुछ महत्वपूर्ण गूगल एप्प्स(**Drive, Docs, forms, Classroom, google Meet, Site etc.**) की जानकारी प्रदान करना एवं प्रदर्शन के माध्यम से समझ विकसित करना।

3. MS-Office के साथ काम करना एवं उसके बारे में आरंभिक समझ विकसित करना।

4. वर्चुअल लाइब्रेरी एन-लिस्ट सहित अन्य ऑनलाइन प्लेटफार्म पर मुफ्त में प्राप्त हो सकने वाली विश्वसनीय अध्ययन सामग्री प्रदान करने वाले साइट्स की जानकारी उपलब्ध कराना ।

इस पाठ्यक्रम के सफलतापूर्वक संपन्न होने में देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुलावटी ,बुलंदशहर के अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री भवनीत सिंह बत्रा तथा कालीचरण स्नातकोत्तर महाविद्यालय लखनऊ के शारीरिक शिक्षा विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. मुकेश मिश्रा का विशेष योगदान रहा। इसके साथ ही महाविद्यालय

OFFICE, PRINCIPAL GOVERNMENT TULSI COLLEGE, ANUPPUR

Affiliated to Awadhesh Pratap Singh University Rewa (MP)

Registered Under Section 2 (F) & 12 (B) of UGC Act

E-mail: hegtdcano@mp.gov.in 9893076404